संक्षिप्त

योग कार्यक्रमों की रही धूम

गंगापुर सिटी, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। रविवार को गंगापुर सिटी सहित आसपास के क्षेत्रों में योग कार्यक्रमों की धूम रही। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आयोजित सामूहिक योग शिविरों में महिला, पुरुष, युवा, बुजुर्ग और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लियइं मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी के खेल मैदान में सुबह 6 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर थे। इस अवसर पर निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, एसडीएम बृजेंद्र मीणा, विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर, पूर्व सभापति संगीता बौहरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंघल, एसीबीईओ हनुमान गोयल, मिथलेश व्यास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

गांधीधाम एक्सप्रेस से गिरा यात्री

गंगापुर सिटी, (निसं)। दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर रविवार को गांधीधाम एक्सप्रेस से गिरकर एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा गंगापुर रेलवे क्षेत्र की तीन पुलिया के पास हुआ। घायल को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के हेड कांस्टेबल राजेंद्र यादव ने बताया कि घायल यात्री की पहचान सुजीत माझी (53) पुत्र रामचंद्र माझी के रूप में हुई है। वह पश्चिम बंगाल के जलपाई मोड़, बीटी रानू हीप कॉलोनी, जिला हजिलिंग का निवासी है। सूचना मिलने पर जीआरपी और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल सुजीत माझी को एंबुलेंस के जरिए राजकीय हॉस्पिटल गंगापुर पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने सुजीत माझी की हालत चिंताजनक बताई। बेहतर इलाज के लिए उन्हें जयपुर रेफर कर दिया गया है।

कटारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने

भरतपुर, (निसं)। श्री बांके बिहारी प्रसाद वितरण समिति की साधारण सभा की बैठक राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश वरि. उपाध्यक्ष डोरी लाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के अध्यक्ष श्याम सुन्दर कटारा की अध्यक्षता में एक निजी रिसोर्ट में सम्पन्न हुई। जिसमें पीसीसी के महामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। सभा में गत सत्र का आय व्यय के ब्यौरा का अनुमोदन एवं आगामी सत्र का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया। मंत्री संजय गुप्ता ने वार्षिक प्रतिवेदन पढकर सुनाया। साधारण सभा में द्विवार्षिक चुनाव भी कराये गये जिसमें से.नि.शिक्षा उप निदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाई। सर्वप्रथम चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष के पद पर स्वेच्छा से नाम आमंत्रित किये। सभी ने निवर्तमान अध्यक्ष श्याम सुन्दर कटारा के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका सुरेश कुमार शर्मा, दिनेश पाराशर एवं रामगोपाल सैनी एडवोकेट ने समर्थन किया।

योग कार्यक्रम का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। गुड मॉर्निंग हैप्पीनेस ग्रुप, गंगापुर सिटी द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत उद्यान में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन कियां गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रुप सदस्यों एवं नागरिकों ने भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

इस दौरान पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, पूर्व सभापति शिव रत्न अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल, उप जिला कलेक्टर एवं आयुक्त नगर परिषद विजेन्द्र मीना, तहसीलदार गंगापुर सिटी, महेंद्र कुमार गर्ग (प्रदेश प्रवक्ता अग्रवाल समाज) सहित अनेक गणमान्य नागरिक पधारे। ग्रुप अध्यक्ष दामोदर लाल गर्ग (एडवोकेट) ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अमृत उद्यान की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने पार्क में जिम के टूटे उपकरणों की मरम्मत, सुरक्षा के लिए चारदीवारी निर्माण, असामाजिक तत्वों की रोकथाम तथा महिलाओं के लिए अलग टीनशेड निर्माण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षाविद् विष्णु जिंदल द्वारा अमृत उद्यान में नवीन बोरिंग एवं टीनशेड निर्माण हेतु दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। मानसिंह गुर्जर ने गुड मॉर्निंग हैप्पीनेस ग्रुप द्वारा किए जा रहे धार्मिक, सामाजिक, रचनात्मक एवं उद्यान विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने पार्क के विकास हेतु लगभग पाँच लाख रुपये की योजना बनाकर फेंसिंग एवं नई ओपन जिम स्थापित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में ग्रुप के संरक्षक सुरेश चन्द गुप्ता (सेवानिवृत्त लेखाधिकारी) ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

भरतपुर में कलैक्टर ने सड़क व नाला निर्माण कार्यों का किया अवलोकन

जिला कलैक्टर ने नाला व सड़क विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

भरतपुर, (निसं)। जिला कलक्टर क़मर चौधरी ने भरतपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न नाला निर्माण एवं सडक विकास कार्यों का मौका निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से समयबद्धता से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने शीशम तिराहा, मॉडल रोड, काली बगीची, मथुरा

> ■ जिला कलैक्टर ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने एवं समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया

बाईपास, गोलमोल बगीची, मुरवारा रोड, कुम्हेर गेट, सर्कुलर रोड, अनाह गेट एवं मण्डी चौराहा क्षेत्र में चल रहे सड़क व नाला निर्माण कार्यों का अवलोकन किया।

उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने एवं समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए अधिकतम लंबाई तक नालों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए, जिससे वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। जिला कलक्टर ने कहा कि शहर के विकास से जुड़े कार्य आमजन की सुविधा से सीधे संबंधित हैं, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्यों को शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कालीबगीची पर नाला निर्माण कार्य को सारस होते हुए जलसंसाधन विभाग की मुख्य ड्रेन तक पानी निकासी के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने हीरादास पर सीवर लाइन को शिफ्टिग के लिए, खादी भंडार के पीछे लिंक रोड पर नाले को सीएफसीडी में मिलान कर पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लिंक रोड का निर्माण डिवाडर के साथ इस प्रकार किया जाये कि सीएफसीडी के दोनों आरे बनने वाले रोड से कनेक्ट कर आमजन को वैकल्पिक मार्ग मिल सके।

जिला कलक्टर अधिकारियों के साथ गणेश मन्दिर से लेकर नीमदा गेट तक सीएफसीडी के विकास कार्य का पदैल निरीक्षण किया तथा नहर के दोनों ओर सडक निर्माण एवं पानी निकासी में आ रहे अतिक्रमणों को तय समय में हटावाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोपालपुरा रोड पर नाला निर्माण कार्य एवं अतिक्रमण हटाने के कार्य को तय समय में करने के निर्देश दिए। उन्होंने तोप चौराहे पर कार्य की धीमी गति पर संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर कार्य नहीं करने वाले संवेदक के खिलाफ कार्यवाही की जाये। उन्होंने मुरवारा रोड पर मंडी के पीछे नाला निर्माण कार्य एवं सडक निर्माण का निर्धारित मानकों के अनुसार भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी के गेट पर नाला निर्माण कार्य को गति देने के लिए अतिरिक्त संसाधन लगाने एवं अतिक्रमणों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही कुम्हेर गेट के पास यातायात को डायवर्ट कर निर्माणाधीन नालों को जोडने के निर्देश दिए।

ओपी मंगल बने अग्रवाल समाज पूर्वी राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष

हिण्डौन सिटी, (निसं)। विगत चालीस साल से विभिन्न संगठनों में सक्रिय भूमिका निभा रहे ओपी मंगल को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल महामंत्री गोपाल गोयल प्रदेश अध्यक्ष अशोक गर्ग की सहमति से की गई है।

लायन मंगल अग्रवाल समाज में 1986 में युवा संगठन के माध्यम से जुड़कर बाद में मुख्य धारा में सक्रिय हो गये !इस दौरान उनको अखिल भारतीय अठावाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे बाबू बनारसी दास गुप्त का भी सानिध्य मिला। मूलत: भरतपुर जिले के बृहम्बाद निवासी ओपी मंगल ने हिंडौन सिटी को अपनी कर्मभूमि बनाया और यहां अठावाल समाज सहित लायन्स क्लब इंटरनेशनल, भारत स्काउट गाइड, ब्लड बैंक, मिशन ट्रेन ठहराव समिति में सक्रिय भूमिका सहित राजस्थान सरकार द्वारा करौली जिला समाज कल्याण विभाग के सलाहकार एवं नगर परिषद हिंडोन सिटी सफाई अभियान सप्ताह में सदस्य के रुप में मनोनीत किया जा चुका है। उपखंड स्तर , जिला स्तर एवं रक्तदान क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर सम्मानित मंगल लायंस इंटरनेशनल के मंच पर अनेकों बार सम्मानित हो चुके हैं। मंगल के मनोनयन पर अग्रवाल समाज जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मूल चंद गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग, मनीष सिंघल बीमा वाले, योगेश जमालपुरिया, नरेश कम्बवल वाल, बनवारी रतियापुरा सहित अनेकों शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

करौली, (निसं)। पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर जिला कलेक्टर करौली को ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार तक मांगें पहुंचाने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। पत्रकार जनहित से जुड़े मुद्दों को निष्पक्ष एवं निर्भीक रूप से उठाकर शासन-प्रशासन तक आमजन की आवाज पहुंचाते हैं, लेकिन वर्तमान समय में पत्रकारों को विभिन्न प्रकार की धमकियों, हमलों और असुरक्षा की परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में हिण्डौन सिटी में आयोजित पत्रकार सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी में जिलेभर के पत्रकारों द्वारा पत्रकार हितों से जुडे विभिन्न विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से मांगें पारित की गई थीं। इन्हीं मांगों के समर्थन में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में प्रमुख रूप से पत्रकार सुरक्षा कानून को शीघ्र लागू करने, पत्रकारों के विरुद्ध होने वाले हमलों एवं उत्पीडन के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने, पत्रकार कल्याण योजनाओं का विस्तार करने, अधिमान्यता प्रक्रिया को सरल बनाने तथा करौली जिले में पत्रकारों के लिए आवासीय भूखंड आवंटन योजना लागू करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा, सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं का विस्तार, पत्रकार कल्याण कोष को मजबूत बनाने, झूठे मामलों की निष्पक्ष जांच तथा पत्रकारों के सम्मान और स्वतंत्र कार्य वातावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई।

ज्ञापन के माध्यम से जिला कलेक्टर से आग्रह किया गया कि उक्त मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए राज्य सरकार को आवश्यक अनुशंसा प्रेषित की जाए तथा जिला स्तर पर संभव कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा एवं सम्मान लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है तथा पत्रकार हितों की अनदेखी उचित नहीं है।

धौलपुर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

धौलपुर, (निसं)। स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर जिला स्तर पर बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह मचकुण्ड रोड स्थित परशुराम धर्मशाला पर प्रात: 6.30 बजे से आयोजित हुआ। योगाभ्यास से पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता से योग पर उद्बोधन का प्रसारण किया गया।

योगाभ्यास में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित बडी संख्या में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, आरएसी के जवानों एवं आमजन द्वारा योगाभ्यास किया गया। पतंजलि योग पीठ वैलनेस सेन्टर हरिद्वार के पूर्व प्रबंधक आचार्य समठा देव ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सूक्ष्म योग क्रियाओं के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। योग की शुरुआत में ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन इत्यादि क्रियाएं कराई गईं। पतंजलि की योग टीम द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, वग्रासन, शशकासन, वक्रासन, पवनमुक्तासन, सहित कपालभांति व अनुलोम विलोम, भ्रामरी आदि का अभ्यास कराया गया।

इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीनतम विद्या है। इसकी साधना वस्तुत: शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने की एक प्रक्रिया है। स्वस्थ, तनाव मुक्त और अनुशासित जीवन के लिए योग का महत्व आज पूरा विश्व समझ रहा है। योग न केवल हमारा स्वाभिमान बढाता है बल्कि उपयोगी एवं आत्मनिर्भर बनाकर कौशल प्रदान करता है। योग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है भावनात्मक बुद्धिमत्ता में सुधार, चिंता दूर करने में सहायक तथा मन भी शांत रहता हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य जीवन, तन और मन के लिए नियमित रूप से योगा करना चाहिए। योगाभ्यास से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. दिनेश शर्मा ने सभी अधिकारियों एवं आमजन का योगाभ्यास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार ज्ञापित किया। सत्र का समापन जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत द्वारा शान्ति पाठ से किया गया। इस दौरान 17 जून से 26 जून 2026 तक आयोजित किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस सप्ताह के तहत जिला कलक्टर ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नीरजा शर्मा, सुखराम कोली, उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन सहित आमजन एवं अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

नीट री-एग्जाम संपन्न

भरतपुर, (निसं)। जिले के 17 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित नीट यूजी री-एग्जाम रविवार को शांतिपूर्ण और कडे सुरक्षा प्रबंधों के बीच संपन्न हो गया। परीक्षा में पंजीकृत 4072 अभ्यर्थियों में से 3742 उपस्थित हुए, जबकि 330 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा समाप्त होने के बाद केंद्रों से बाहर निकले विद्यार्थियों के चेहरों पर एक ओर परीक्षा देने का संतोष दिखाई दिया तो दूसरी ओर परिणाम को लेकर चिंता और उत्सुकता भी नजर आई। परीक्षार्थियों ने बताया कि इस बार का प्रश्नपत्र पिछले प्रयास की तुलना में थोड़ा कठिन रहा।

योग शिविर व झूम्बा डांस कार्यक्रम का समापन

गंगापुर सिटी में प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र वितरित किए।

गंगापुर सिटी, (निसं)। श्री अग्रसेन कर्मचारी विकास समिति, अग्रवाल समाज सेवा समिति उदेई मोड के तत्वावधान में अग्रसेन सेवा सदन, उदेई मोड में आयोजित 15 दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर एवं झूम्बा डांस कार्यक्रम का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नारायण गुप्ता (अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका वजीरपुर) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश महोली मंत्री अग्रवाल समाज सेवा समिति उदेई मोड एवं गौरव गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज समिति गंगापुर सिटी के अध्यक्ष मोहन कुनकटा, उदेई मोड़ अध्यक्ष दुर्लभ गोयल, मिर्जापुर अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता महोली, शिक्षण संस्थान अध्यक्ष दीनदयाल मच्छीपुरा, पेंशनर्स समिति अध्यक्ष प्रो. संतोष अग्रवाल, जिला महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती रेखा अग्रवाल, महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती रेखा महस्वा तथा अग्रवाल सेवा सदन अध्यक्ष राजेंद्र गैरई सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलदेवी महालक्ष्मी एवं महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। योग गुरु महेश गर्ग एवं अभिषेक सीए ने नियमित योग, प्राणायाम एवं व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। वहीं झूम्बा प्रशिक्षक राजेश एवं रजनी गुप्ता ने संगीत की मधुर धुनों पर आकर्षक प्रस्तुति देकर उपस्थितजनों का उत्साहवर्धन किया।

करौली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मतदान की शपथ दिलाई

करौली, (निसं)। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, रविवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मुकेश दाधीच एवं करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर सपोटरा विधायक हंसराज मीणा व जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के अलावा भाजपा जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित चंद अधिकारियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया।

करौली में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने योग व जिला कलेक्टर ने मतदान की शपथ दिलाई

त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम में रविवार को 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम उत्साह पूर्वक आयोजित हुआ। जिस कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे एवं करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा, जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ,पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल, पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव करौली धौलपुर लोकसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी इंदु देवी जाटव व भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया, जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला , भाजपा के उत्तम सिंह जादौन , विद्या वैष्णव, जितेंद्र सिंह पिचानोत के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने भाग लिया। इनके अलावा प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडबाल अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक महेश मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक धर्मेंद्र मीणा एवं आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक कालूराम मीणा सहित आयुर्वेद विभाग के अधिकारी कर्मचारी के अलावा जिला मुख्यालय स्थित प्रशासन के अन्य विभागों के चांद अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शहर के महिला पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। लेकिन आयुर्वेद विभाग द्वारा योग करने के लिए बैठने के लिए बिच्छावट की कम व्यवस्था करने से बड़ी संख्या महिला पुरुष और बालक योग से वंचित रहने से कार्यक्रम के दर्शक बनकर रह गए। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर एवं 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वर्चुअल प्रसारण के बाद जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। और आयुर्वेद विभाग दक्ष प्रशिक्षक सियाराम विशाल मथुरिया एवं भावना शुक्ला के द्वारा योग कराया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक कालूराम मीणा द्वारा मुख्य अतिथि सहित जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक और भाजपा के जनप्रतिनिधियों को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सम्मान किया। एवं कार्यक्रम के समापन से पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच के द्वारा योग की एवं जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा द्वारा मतदान की शपथ दिलाई।

सार-समाचार

प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

करौली, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा करौली का दायित्व ग्रहण समारोह एवं सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक राजेंद्र दीवान ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि प्रांतीय सेवा गतिविधि संयोजक देवेंद्र शर्मा ने नवनिर्वाचित शाखा अध्यक्ष तुलसी दास गोयनका, सचिव कमलाकांत शर्मा, और कोषाध्यक्ष गोविंद लोहे वाले को पद का दायित्व ठाहण कराया। साथ ही विभिन्न गतिविधियों के संयोजकों और प्रकल्प प्रभारियों सहित सभी सदस्यों को शपथ दिलाई।समारोह से पूर्व आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम सत्र में प्रांतीय सह संगठन सचिव योगेंद्र सिंहल ने परिषद के संगठनात्मक ढांचे की विस्तार से जानकारी दी और आवश्यक प्रोटोकॉल नियमों को समझाया।द्वितीय सत्र में जिला समन्वयक राजेंद्र दीवान ने परिषद के प्रथम सूत्र सम्पर्क की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि संपर्क मजबूत होने से ही सहयोग की भावना जागती है। संस्कारों के विस्तार से ही सेवा के हाथ आगे बढ़ते हैं, जिससे समाज और देश के प्रति समर्पण का भाव पैदा होता है। मुख्य वक्ता देवेंद्र शर्मा ने सेवा एवं संस्कार विषय पर अपने विचार साझा किए।प्रांतीय पर्यावरण गतिविधि संयोजक सीताराम शर्मा ने समाज में महिला सहभागिता बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पर्यावरण को बचाने के विभिन्न उपायों के बारे में उपस्थित सदस्यों को विस्तार से जागरूक किया।परिषद् के पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के तहत कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद करने का आठाह किया गया। इस दौरान "थैली छोड़ो-थैला अपनाओ" अभियान के अंतर्गत गायत्री सर्राफ, कैलाश बजाज और डॉ. प्रदीप जैन के सौजन्य से सभी सदस्यों को बाजार से रोजमर्रा की खरीदारी के लिए कपडे के थैले वितरित किए गए।इस अवसर पर प्रांतीय गुरुवंदन छात्र अभिनंदन प्रकल्प प्रभारी सुबोध जैन, भारत को जानो प्रभारी पंकज जैन, शाखा संरक्षक गोविंद सराफ, विकास मित्र नगेंद्र शर्मा, रीको व्यापार संघ अध्यक्ष बनवारी हरदेनिया, गायत्री परिवार के प्रबंध न्यासी वल्लभ पंसारी और मीडिया प्रभारी गोविंद व्यास, विनोद गोयल,मोती लाल शाक्यवार, हिमांशु मित्तल, अखलेश गुप्ता, नीरज बजाज, गणेश प्रजापत, जगदीश इलेक्ट्रिकल,रमेश शर्मा, अभय शास्त्री, रेखा गोयनका, मंजू लता सहित परिषद के अनेक दायित्वधारी और सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन शची सिंहल ने किया।

'योग निरोगी काया का मूल मंत्र'

करौली, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा स्वास्थ्य भवन परिसर में योगा सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा के नेतृत्व में कार्मिकों द्वारा योगासन किए गए। सीएमएचओ ने बताया कि योग निरोगी काया का मूल मंत्र है, योग के द्वारा तन और मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि योग दिवस के अवसर पर जिले की चिकित्सा संस्थानों पर योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन को योग कराकर योग से होने वाले लाभो से अवगत कराया गया एवं नियमित योग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यालय में योग सत्र दौरान डीपीसी -एनसीडी मनोज कुमार शर्मा, डीआईईसी मैनेजर महेंद्र सैनी, डीपीसी -आईईसी लखन सिंह लोधा, डाटा मैनेजर अंकुर सिंघल, कंट्रोल रूम से संदीप सिंघल, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आरिफ सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। इसके अलावा मासलपुर ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतो और चार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इधर भारत विकास परिषद शाखा करौली द्वारा स्वामी विवेकानंद पार्क में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र दीवान ने बताया कि कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ के योगाचार्य स्वामी सुकुम देव ने योग प्राणायाम ध्यान एवं स्वस्थ जीवन शैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी के साथ योगाभ्यास कराया तथा योग के माध्यम से शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के संरक्षण के उपायों की जानकारी दी।

योग कार्यशाला का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में स्थित जवाहर नगर स्थित होली मदर पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "होली मदर एजुकेशनल एंड चेरिटेबिल सोसायटी" द्वारा एक विशेष योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन योग शिक्षिका सोमा बेरा द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक ने योग के महत्व, उसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों तथा स्वस्थ जीवनशैली में योग की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस सत्र में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं ध्यान (मेडिटेशन) की विधियों का अभ्यास कराया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदान के प्रति जागरूकता एवं मतदान करने की शपथ भी ठाहण की। कार्यक्रम के समापन पर सोसायटी के सचिव जेम्स एन्थौनी ने सभी प्रतिभागियों का कार्यशाला में सहभागिता हेतु आभार व्यक्त किया तथा योग प्रशिक्षक सोमा बेरा की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन एवं समर्पित प्रयासों से कार्यशाला का सफल एवं सुचारु संचालन संभव हो पाया। यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों के लिए स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवनशैली को अपनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

क्षेत्रीय विकास मंच समिति बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी, (निसं)। क्षेत्रीय विकास मंच समिति, गंगापुर सिटी की बैठक शनिवार को अग्रवाल धर्मशाला, गंगापुर सिटी में आयोजित की गई, जिसमें शहर के विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं जनप्रतिनिधि संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राजस्थान का पहला इलेक्ट्रिक लोको शेड गंगापुर सिटी में स्थापित कराने के लिए जनआंदोलन को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गंगापुर सिटी रेलवे के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है तथा यहां इलेक्ट्रिक लोको शेड की स्थापना होने से क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। समिति ने रेल मंत्री, भारत सरकार, राज्य सरकार तथा उत्तर पश्चिम रेलवे प्रशासन से मांग की है कि लंबे समय से लंबित इस परियोजना को प्राथमिकता देते हुए गंगापुर सिटी में ही इलेक्ट्रिक लोको शेड स्थापित किया जाए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि इस विषय में कई बार मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सहित रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। बैठक में उपस्थित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने निर्णय लिया कि यदि सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है तो 1 जुलाई 2026 को एक दिवसीय सांकेतिक बंद रखा जाएगा। यह बंद पूर्णत: शांतिपूर्ण एवं कानून व्यवस्था का पालन करते हुए आयोजित किया जाएगा। इसके बाद भी रेलवे ने उक्त मांग पर ध्यान नहीं दिया तो आन्दोलन को तेज किया जायेगा। बैठक में प्रहलाद मैठी, दीवान खंडूजा, सुरेंद्र मित्तल, आलोक मालधनी, डॉक्टर तलवार, राजेश गुलायनी, वेद मंगल, योगेश शर्मा, दीनदयाल मच्छीपुरा वाले सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

धौलपुर, (निसं)। जिले के 7 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित नीट री-परीक्षा 2026 के दौरान आज जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने परीक्षा केन्द्रों का सघन दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर चल रही परीक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की उपस्थिति, सुरक्षा प्रबंधों तथा परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केन्द्राधीक्षकों एवं तैनात अधिकारियों से परीक्षा की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को निर्देशित किया कि परीक्षा समाप्ति तक सुरक्षा व्यवस्था पूरी सतर्कता के साथ बनाए रखें। उन्होंने केन्द्रों के आसपास कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं परीक्षा संचालन व्यवस्था का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्बाध रूप से संचालित होती रहे तथा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसका तत्काल समाधान किया जाए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार संचालित हो रही है। अभ्यर्थी निर्धारित नियमों के तहत परीक्षा में सम्मिलित हुए।